दिनांक 28.09.2010 को विकास आयुक्त, झारखण्ड की अध्यक्षता में नेतरहाट विद्यालय समिति, नेतरहाट के कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही :–

दिनांक–28.9.2010 को विकास आयुक्त की अध्यक्षता में नेतरहाट आवासीय विद्यालय समिति की बैठक विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में की गई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए।

उपस्थितिः–

1. विकास आयुक्त, झारखंड,रांची।
2. श्री सुखदेव सिंह (भा0प्र0से0)
   सचिव,वित्त विभाग,झारखंड।
3. श्री ज्योति भ्रमर तुबिद,(भा0प्र0से0) पूर्ववर्त्ती छात्र नेतरहाट आवासीय विद्यालय। प्रधान सचिव,वित्त(वाणिज्य–कर)विभाग,झारखंड,रांची।
4. श्री एन0एन0 सिन्हा,(भा0प्र0से0) पूर्ववर्त्ती छात्र नेतरहाट आवासीय विद्यालय। सचिव, पथ निर्माण विभाग,झारखंड,रांची।
5. सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग,झारखंड,रांची।
6. श्री नरेन्द्र भगत (सेवा निवृत भा0प्र0से0) पूर्ववर्त्ती छात्र नेतरहाट आवासीय विद्यालय।
7. आयुक्त, पलामू प्रण्मडल, मेदिनीनगर
8. उप विकास आयुक्त, लोहरदगा।
9. श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद, सेवा निवृत्त शिक्षक, रांची।
10. श्री प्रयाग दूबे, पूर्ववर्त्ती छात्र,नेतरहाट आवासीय विद्यालय,हिनू,रांची।
11. प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय।

नेतरहाट विद्यालय की विकास से संबंधित निम्नांकित बिन्दुओं पर निर्णय लिया गया –

1. प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, विद्यालय के लिए वित्तीय वर्ष 2011–12 के लिए Block Budget (मदवार) तैयार कर नवम्बर में होने वाली कार्यकारिणी समिति की बैठक के समक्ष रखकर प्रस्ताव पारित कराकर विभाग के माध्यम से (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) से वित्त विभाग से यथासमय स्वीकृति प्राप्त करेंगे।

2. प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय वैसे दैनिक मजदूरों को जो तीसो दिन विद्यालय में सफाई, खाना बनाने इत्यादि का कार्य करते हैं उन्हें किए गए कार्य के विरूद्ध सभी कार्य दिवसों का भुगतान करेंगे। शेष के संबंध में व्यवस्था पूर्ववत चलेगी। सभी दैनिक मजदूरों को श्रम विभाग के अधिसूचित दर से कम भुगतान करना Unlawful है। अतः नियमानुसार ही भुगतान करेंगे।

3. आगामी वित्तीय वर्ष से नेतरहाट आवासीय विद्यालय सी0बी0एस0ई0 पैटर्न पर लाने के लिए सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के समक्ष प्राधिकार को आवेदन करेंगे और प्राचार्य विहित प्रपत्र में कागजातों के साथ सभी अनुवर्ती कार्रवाई करेंगे। मानव संसाधन विकास विभाग इस दिशा में आवश्यक सहयोग करेगा एवं मोनिटर करेगा।

4. नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के चयन के लिए दो अलग–अलग सर्च कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग इस संबंध में विकास आयुक्त से विमर्श कर प्रस्ताव तैयार करेंगे। विकास आयुक्त को अंतिम निर्णय लेने के लिए प्राधिकृत किया गया।

5. प्राचार्य एवं शिक्षकों के चयन हेतु सर्च कमिटी के गठन के पश्चात् प्राचार्य की नियुक्ति हेतु विज्ञापन इत्यादि की प्रक्रिया सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग करेगी तथापि माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में वे वैधानिक पक्ष के अंतिम समाधान के पश्चात् ही विज्ञापन निकालने की कार्रवाई करेंगे। कोई कठिनाई होने पर विकास आयुक्त का परामर्श/आदेश प्राप्त कर लेंगी।

6. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, इन्दिरा गाँधी आवासीय विद्यालय, सैनिक विद्यालय के लिए एक विशेष कार्य पदाधिकारी (संविदा के आधार पर) नियुक्त किया जाय जिसके लिए मानव संसाधन विकास विभाग प्रस्ताव तैयार कर प्रशासनिक पद वर्ग समिति के समक्ष अविलंब रखेगा।

7. प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, डॉक्टर एवं प्रशासी पदाधिकारी के पूर्व से स्वीकृत पदो के लिए विज्ञापन का प्रारूप तैयार कर सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग से अनुमोदन प्राप्त करेंगे। विभाग नियुक्ति की प्रक्रिया तैयार कर चयन की कार्रवाई दिसम्बर 2010 तक पूर्ण करेगा। नियुक्ति के पूर्व समिति का अनुमोदन प्राप्त कर लिया जायेगा।

8. शिक्षकेतर कर्मी (नेतरहाट आवासीय विद्यालय) का दिए गये ए0सी0पी0 का सत्यापन/सम्पुष्टि प्रमण्डलीय आयुक्त, पलामू पूर्व की भाँति करेंगे।

9. प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय शिक्षकों का आरक्षण, रोस्टर सबंधी कागजात, पद सृजन से सबंधित पत्र विषयवार रिक्ति, विषयवार शिक्षकों का पदस्थापन विवरणी विभाग को अविलम्ब उपलब्ध करायेंगे। विभाग रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति की प्रक्रिया पूरा करेंगे और अगली बैठक में अग्रेतर कार्रवाई हेतु समिति का मार्ग दर्शन प्राप्त करेगा।

10. प्रमण्डलीय आयुक्त, पलामू अभियंता टीम लेकर नेतरहाट के भवनों का स्पेशल रिपेयर/अपग्रेडेशन प्लान, समेकित प्राक्कलन इत्यादि तैयार कराकर आगामी कार्यकारिणी की बैठक के समक्ष रखेंगे।

11. प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, विद्यालय के लिए शिक्षक/शिक्षकेतर कर्मी के लिए आवश्यकता आधारित अतिरिक्त पदो के सृजन का प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध करायेंगे। इसमें सी0बी0एस0ई0 10+2 व्यवस्था को आगामी वर्ष से लागू करने के निर्णय को ध्यान में रखा जाएगा।

12. नेतरहाट आवासीय विद्यालय के कार्यरत शिक्षकों का ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 से संबंधित प्रोफॉर्मा विभाग द्वारा प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। जिसे भरकर हार्ड कॉपी के साथ विभाग को प्राचार्य उपलब्ध करायेंगे जिसपर विभाग द्वारा ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 की कार्रवाई की जायेगी।

13. प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय बस के लिए कोटेशन प्राप्त कर पूर्व में आवंटित राशि के घटाने के बाद शेष बची राशि के लिए विभाग को आवंटन की मांग प्रस्ताव तुरन्त भेजेंगे ताकि इस मद में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा द्वारा आवंटन उपलब्ध कराया जा सके।

14. आगामी बैठक नवम्बर 2010 के अंतिम सप्ताह में नेतरहाट में आयोजित होगा। प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय एवं विभाग आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

ह०/–
(एस० के० चौधरी)
विकास आयुक्त